कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री मक्खन लाल मीना पुत्र श्री गंगाधर मीना, निवासी ग्राम करनावर तहसील बसवा जिला दौसा

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा

अपील संख्या 73/2024

निर्णय दिनांक 17.12.2024

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2024/3705 दिनांक 03.12.2024 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा द्वारा पत्र कमांकः आरटीआई/2024/861 दिनांक 06.12.2024 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना ग्राम पंचायत करनावर से संबंधित होने से ग्राम पंचायत करनावर को धारा 6(3) में स्थानान्तरित की गई थी। ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत करनावर ने अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराई है। ग्राम पंचायत के विरुद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत सुनवाई का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को नहीं होने से अपील अपीलांट खारिज किये जाने योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 10:30:25 IST
Reason: SelfAttested

Devendra

(देवेन्द्र कुमार)

जिला कलक्टर, दौसा